राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–10/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

दूसरों के लिए जीने में ही जीवन की सार्थकता –राज्यपाल

पटना 25 जनवरी, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन बिहार के दरबार हॉल में जैन रोजगार योजना के अंतर्गत जैन रोजगार क्लासेस के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वास्तव में उन्हीं का जीवन सार्थक है जो दूसरों के लिए जीते हैं। उन्होंने गीता के एक श्लोक को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि स्वार्थ के लिए परिश्रम करना अज्ञानता है और भलाई के लिए कार्य करना प्रेरक होता है।

राज्यपाल ने जैन परंपरा के मंत्र नमोकार का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे हमें दया और करुणा की भावना प्राप्त होती है। हम अपने सम्पूर्ण जीवन में उदारता का अनुभव करते हैं और सभी प्राणियों के प्रति आदर और सम्मान का भाव रखते हैं।

उन्होंने गरीब एवं जरूरतमंद युवाओं के लिए शुरू किये जा रहे जैन रोजगार क्लासेस के लिए डॉ० मणीन्द्र जैन की प्रशंसा की।

कार्यक्रम को कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, पद्मश्री आनंद कुमार, स्वामी श्री संपूर्णानंद, डा मणीन्द्र जैन एवं पद्मश्री विमल जैन ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....